ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

हिंदी ऑनलाइन कक्षा में आप सभी का स्वागत है|

कक्षा -7

हिन्दी (LOWER)

पाठ -1

नया साल

पाठ प्रवेश-

समय सदा एक सा नहीं रहता है वह परिवर्तनशील है। जीवन -मूल्य शाश्वत हैं। मनुष्यता के प्रति सच्चा तथा मनुष्यता को श्रेष्ठ मानने वाला ही सज्जन है। बच्चों को अच्छे गुणों को अपनाकर अपने व्यक्तित्व को निखारना है।

संबंधित प्रश्न-

१.सज्जन व्यक्ति कौन है?
२.क्या परिवर्तनशील है?
३.हमें क्या अपनाना चाहिए?
४.व्यक्तित्व कैसे निखरता है?

सारांश

नया साल कविता के माध्यम से कवि बच्चों को प्रेरित किया है कि नया साल कुछ नई उमंगे लेकर आया है।जो समय बीत गया उसे छोड़कर, बुराइयों को त्यागकर एक नए विश्वास के साथ आगे बढ़ें। प्रेम और करुणा को अपनाएँ, जिससे सभी प्राणी सुखपूर्वक रह सकें। नया साल एक नया अहसास लेकर आया है। बच्चे रास्ते पर चलते हुए जितनी भी बाधाएँ आएं उसे दूर कर आगे बढ़ना सीखें। हिम्मत रखकर दूसरों के दुख दर्द को दूर करें।सबके साथ भाईचारा तथा परस्पर सहयोग की भावना रखें।भेदभाव दूर जाए। कोई भी मजबूर न हो। सबकी इच्छाएँ पूरी हों। सभी के दिलों में प्रेम भावना हो। सभी का जीवन सुखों से भरपूर हो।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

सामान्य उद्देश्य–

- कविता के अर्थ को समझने के लिए छात्रों को तैयार करना।
- कठिन शब्दों के उच्चारण तथा शुद्ध वर्तनी सिखाना।
- मात्राओं के प्रयोग का उचित ज्ञान करवाना तथा उनकी पहचान मजबूत करवाना।
- छात्रों के शब्द भंडार को समृद्ध करना।
- छात्रों का नए शब्दों से परिचित कराना और उन्हें कविता का भाव लिखने की कला सिखाना।
- अनुस्वार, अनुनासिक तथा पर्यायवाची शब्दों के प्रयोग सिखाना।

विशिष्ट उद्देश्य–

- छात्रों को नए-नए गुणों तथा मानवीय मूल्यों से परिचित कराना तथा उनके महत्व के बारे में बताना।
- कविता के मूल भाव को समझकर उसे जीवन में उतारने का सामर्थ्य जगाना।
- उन्हें परोपकार के लिए तत्पर रहने की सीख देना।

गृहकार्य-

पाठ को पढ़कर उनके कठिन शब्दों को रेखांकित करना।

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP